## एक नजर में



### जुगल किशोर अग्रवाल बने समाज अध्यक्ष

**ब्यावरा 05 सितंबर, का.** अग्रवाल महासभा नगर अध्यक्ष पद पर जुगल किशोर अग्रवाल शुभम भोजनालय निर्वाचित हुए है. स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में हुए निर्वाचन में अच्छे मतों से उनकी जीत हुई. महासभा के जिला पदाधिकारी की उपस्थिति में निर्वाचन सम्पन्न हुआ. मतदान पश्चात अध्यक्ष के निर्वाचन की घोषणा की. श्री जुगल किशोर अग्रवाल के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर समाज बंधुओं ने पुष्पहारों से जोरदार स्वागत किया. इस अवसर पर जिलाध्यक्ष द्वारा एकजुटता के साथ समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का आग्रह किया गया. नव निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया.

### भागवत कथा महोत्सव का समापन

**ब्यावरा 05 सितंबर, का.** कृषि उपज मंडी परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ. मंडी परिसर में कथा प्रवक्ता पंडित सतीश नागर द्वारा सुमधुर भजनो के साथ कथा की गई. 30 अगस्त से शुरु हुई कथा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया. समापन अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक शामिल हुए. प्रसादी वितरण हुआ.

### अजीजउद्दीन कुरैशी का इंतकाल

**करनवास 05 सितम्बर, सं.**



95 वर्षीय बाबूजी अजीजउद्दीन कुरैशी का शुक्रवार को इंतकाल हो गया वे हसमुख मिलनसार व्यक्ति थे. वे अपने परिवार में बेटा बेटी नाते पोते भरा पूरा परिवार को छोड गये है समाज मे सबसे बुजुर्ग व्यक्ति थे. जिन्हे जुम्मे की नमाज के बाद खाक ए सुप्रीत किया गया. उनके बेटे अनीशउद्दीन ने मिट्टी दी.

### शिक्षकों का किया सम्मान



**जीरापुर 05 सितम्बर, सं.** महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया. सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती एवं डा राधाकृष्णन की पुजा अर्चना की. विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा समस्त शिक्षकों को उपहार भेंटकर मंगल तिलक लगाकर सम्मानित कर गुरु जनों से आशीर्वाद प्राप्त किया. इस दौरान अध्यक्ष दिनेश जमींदार ने विधार्थियों को गुरु की महत्ता बताई. डायरेक्टर शिवचरण दांगी, प्राचार्य दिनेश गुर्जर ने बच्चों को बताया कि हमारी संस्था बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर ऐसे आयोजन करती है जिससे बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो. वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर बरदानिया शिक्षक गण दिलीप राठौर, देवीलाल गुर्जर, रामेश्वर हरदेनिया, महेंद्र सिंह सोनिया, शैलेन्द्र जुलानिया, राधेश्याम दांगी, कृपाल सिंह मोजूद रहे. संचालन छात्र शिवम् गिरी, रामराज गुर्जर ने किया.

# गौवंश को कुचला ट्रक ने, 20 की मौत

## 20 से अधिक गौवंश की दर्दनाक मौत, आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम, गुना रोड पर दो जगह पर बीती रात्रि को हुई घटना





नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 सितंबर, का. गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि में गुना रोड पर अंधगति से दौड़ रहे वाहन ने अलग-अलग जगह हाईवे पर मौजूद गौवंश को कुचल दिया. हादसे में 20 से अधिक गौवंश की दर्दनाक मौत हो गई. इस दुःखद घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया. लोगों ने खानपुरा जोड़ तथा घोड़ापछाड़ के समीप हरीपुरा के यहां हाईवे पर जाम लगा दिया.**

जानकारी के अनुसार यह घटना बीती रात्रि लगभग 1 बजे के आसपास होना बताया जा रहा है. उक्त वाहन द्वारा घोड़ापछाड़ टोल एवं हरीपुरा के बीच हाईवे पर गौवंश को टक्कर मारी. यहां 10 से 11 गौवंश की मौत हो गई. इसी तरह तेज रफ्तार वाहन ने खानपुरा जोड़ के यहां हाईवे पर मौजूद गौवंश को कुचल दिया. यहां 14 गौवंश की मौत होना बताया जा रहा है. कुछ गौवंश घायल हो गये. इस तरह हादसे में 20 से अधिक गौवंश की मौत होने की बात सामने आई है.

### क्षत विक्षत हुए गौवंश

आरोपी वाहन द्वारा गौवंश को इतनी बुरी तरह से कुचला कि उनके शरीर बुरी तरह क्षत विक्षत हो गये. जिन्हें देख हर कोई व्यथित हो उठा और गौवंश की हो रही दुर्दशा को लेकर आक्रोश भी नजर आया.

### बहुत कम गौशालाएं

जिस तरह से जिले में गौवंश की संख्या है उसको देखते हुए जो गौशाला है वह ऊंट के मुहं में जीरे के समान है. जानकारी के अनुसार जिले भर में मात्र 140 गौशालाएं संचालित है. 111 गौशालाएं शासकीय तथा 29 गौशालाएं अशासकीय है. प्रत्येक गौशाला में गौवंश के रहने की क्षमता लगभग 100 के आसपास है. इस तरह 14 हजार के आसपास ही गौवंश गौशालाओं में रह रहा है.

पशु चिकित्सा विभाग के अनुसार जिले में बेसहारा गौवंश की संख्या 65 हजार से अधिक है. यह गौवंश खुले आसमान के नीचे रहने मजबूर है.

### हाईवे पर लगाया जाम

घटना की जानकारी लगते ही लोग मौके पर एकत्रित हो गये तथा खानपुरा जोड़ के यहां हाईवे पर जाम लगा दिया. दो घंटे तक जाम रहा. हाईवे पर दोनों और वाहनों की लम्बी-लम्बी कतार लग गई. मौके पर पहुंचे प्रशासन, पुलिस के अधिकारियों द्वारा गौवंश की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त किए जाने पर जाम समाप्त किया गया. सिटी पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी है. इसी तरह हरीपुरा के यहां भी जाम लगा दिया.

### आये दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

हाईवे सहित अन्य मार्गो पर आये दिन वाहनों की चपेट में आने से कई गौवंश की मौत हो चुकी है. हादसों में अनेक गौवंश अपनी जान गवां चुके है तो अनेक गंभीर रुप से घायल होकर अपाहिज हो चुके है. करीब एक माह पूर्व पचोर स्थित हाईवे पर वाहन की टक्कर से लगभग दस गौवंश ने दम तोड़ दिया था. इसके चार-पांच दिन बाद ही भाटखेड़ी के यहां 4 गौवंश की मौत सड़क हादसे में हो गई थी. इसी तरह कुरावर के समीप झाडला के यहां, राजगढ़ रोड पर भी वाहन की टक्कर से गौवंश की मौत होने की घटनाएं हो चुकी है.

### नहीं कोई ठोर ठिकाना

शासन, प्रशासन स्तर पर बेसहारा गौवंश के लिए छत, छांव एवं उनके संरक्षण हेतु अनेक प्रयास किए गये. लाख दावे किए गये कि अब हाईवे, चौराहों, सड़को पर रहने वाले बेसहारा गौवंश को संरक्षण देते हुए उन्हें गौशाला व अन्य सुरक्षित स्थानों पर रखा जाएगा. मवेशियो को पूरी तरह से संरक्षण एवं उनकी देखभाल करने की पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा बारिश के दिनों में बेसहारा मवेशियों की सुरक्षा हेतु उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने के सख्त निर्देश दिए गये बावजूद इसके आज हजारों की संख्या में मवेशी सड़क, चौराहो, हाईवे पर देखे जा सकते है. आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में यह जान गवां रहे है या फिर गंभीर रुप से घायल होकर अपाहिज हो रहे है.

## खग्रास चंद्र ग्रहण पर बंद रहेगा जालपा माता मंदिर

**राजगढ़ 05 सितम्बर, का.** चंद्र ग्रहण के चलते राजगढ़ नगर स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ जालपा माता मंदिर रविवार 7 सितंबर को दोपहर 1 बजे से बंद रहेगा. जालपा माता मंदिर के मुख्य आचार्य पंडित धर्मेंद्र शास्त्री ने बताया कि रविवार 7 सितंबर को खग्रास चंद्र ग्रहण होने के कारण दोपहर 1 बजे से मंदिर पूर्णतः बंद रहेगा और सोमवार 8 सितंबर को प्रातः काल आरती के पश्चात् दर्शन प्रारंभ होंगे. राजगढ़ नगर स्थित जालपा माता मंदिर पहाडी पर जहां कई संख्या में श्रद्धालु भक्त अपनी मनोकामना लेकर मां जालपा के दरबार में आते हैं और दर्शन प्राप्त कर अपनी अर्जी लगाते हैं.

**चंद्र ग्रहण का सूतक** रविवार 7 सितंबर को दिन में दोपहर 1 बजे प्रारंभ होगा तथा स्पर्श रात्रि 9 बजकर 49 मिनट पर एवं मोक्ष रात्रि 1 बजकर 20 मिनट पर होगा. यह चंद्रग्रहण संपूर्ण भारतवर्ष में दिखाई देगा.

**ग्रहण के पालनीय नियम** ग्रहण के वेध समय से लेकर मोक्ष पर्यंत समय तक रोगी, वृद्ध, आतुर एवं बालकों को छोड़कर अन्यों को अन्न-जल आदि गृहण नहीं करना चाहिए.विशेष कर ग्रहण के स्पर्श समय से मोक्ष समय के बीच में तो यह नियम पालन करना ही चाहिए. ग्रहण के समय में परमात्मा का भजन करना चाहिए.भगवान एवं भोजनादि वस्तुओं पर कुशा (डाब) रखनी चाहिए.

## विसर्जन स्थल की व्यवस्थाएं देखी

### कलेक्टर, एसपी ने मौके का निरीक्षण कर जायजा लिया



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 सितंबर, का. गणेश महोत्सव के समापन पर आज प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा. जिला कलेक्टर एवं एसपी द्वारा नगर में प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये.**

गौरतलब है कि आज प्रातः से ही प्रतिमाओं का विसर्जन शुरु जा जाएगा. स्थानीय इंदौर नाका पुल स्थित स्टॉप डेम के यहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा. जिला कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा एवं एसपी अमित तालोनी के द्वारा विसर्जन स्थल पर पहुंचकर विसर्जन के लिए की गई तैयारियों का जायजा लेते हुए मार्गदर्शित किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इस अवसर पर एसडीएम श्री दुबे, एसडीओपी प्रकाश शर्मा, सीएमओ इकरार अहमद, थाना प्रभारी वीरेन्द्र धाकड़ सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे.

## सीएमएचओ ने किया आशा प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 सितम्बर, का. राजगढ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभा पटेल ने शुक्रवार को ब्यावरा में चल रहे आशा प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया.**

आशा कार्यकर्ताओं के कौशल में वृद्धि करते हुए उन्हें मानसिक स्वास्थ के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा था. इस प्रशिक्षण में 30 से अधिक आशा कार्यकर्ता मौजूद थीं. सीएमएचओ ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी स्वास्थ्य विभाग की रीड़ हो जिस प्रकार शरीर बिना रीड के चल नहीं सकता, उसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम भी आशा कार्यकर्ताओं के बिना चलना संभव नहीं है.

सीएमएचओ डॉ पटेल ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं ने गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाएं और बच्चों के टीकाकरण के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. उन्होंने कहा कि विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं का पहले तीन माह में पंजीयन, उनका समग्र, आधार और बैंक खाते आदी की ईकेवायसी कराकर उन्हें अनमोल 2 में पंजीकृत कराया जाए ताकि उनकी समय समय पर जांच आदि की सेवाएं पूरी की जा सके.डॉ पटेल के दौरे से आशा कार्यकर्ताओं का मनोबल बड़ा और उन्होंने उन्हें अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया. उन्हें आश्वाशन दिया कि वे उनके मार्गदर्शन में काम करते हुए जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नंबर 1 बनाने हर संभव प्रयास करेंगी. इस अवसर पर डीसीएम सुनील वर्मा, अंकित गंगराड़े, ओम दत्त और प्रशिक्षण शिक्षक मौजूद थे.



## झांकी पांडालों में हो रहे आयोजन

नवभारत न्यूज

**पडाना 05 सितम्बर, सं.** 14 दिवसीय गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों मऊ, मगराना, गुलावता, आशारेटा इत्यादि ग्रामीण अंचलों में गणेश पंडालों पर मनमोहक झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा महा आरती की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं. इसी के चलते नगर के माली मोहल्ले में पुष्पद समाज द्वारा श्री राम मंदिर परिसर में गणेश पंडाल पर प्रतिदिन धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसके चलते बीती रात शिव बारात एवं शिव पार्वती विवाह का आयोजन किया गया. जो देर रात तक जारी रहा. इस मौके पर प्रदीप पुष्पद, रोहित पुष्पद, दीपक पुष्पद, लकी कान्हा, अभिषेक, अनिरुद्ध, संजू, ओमप्रकाश, अजय, अंकित, राहुल, आशीष पुरी, गोविंद राठौड़, दुर्गा प्रसाद राठौर इत्यादि उपस्थित रहे. वही ग्रामीण रिद्धि सिद्धि के दाता एवं बुद्धि के विधाता श्री गणेश जी की पूजा वंदना कर रहे हैं. गणेश चतुर्थी के इस पावन अवसर पर लोग गणपति बप्पा की भक्ति में लीन है और उनकी कृपा की कामना कर रहे हैं.

## प्रो. जोशी दम्पत्ति के योगदान को किया याद

### प्रो के.जी. जोशी जन्म जयन्ती समारोह में शिक्षकों का सम्मान

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 सितंबर, का. नगर के प्रोफेसर स्व के.जी.जोशी की जयंती एवं स्व श्रीमती राजबाला जोशी की स्मृति में शुक्रवार को सेवानिवृत्त गुरुजनों का सम्मान कर प्रो. जोशी दम्पत्ति के शिक्षा और समाजसेवा में योगदान को याद किया.**

प्रोफेसर जोशी मोमोरियल ब्यावरा के द्वारा यह समारोह वल्लभा परिसर राजगढ़ रोड बैकुंठ मार्ग पर आयोजित किया गया.

गरिमामयी समारोह में अतिथियों एवं परिजनों द्वारा सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का शाल- श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, पुष्पहारों से सम्मान किया गया.

मंचासीन अतिथिवक्ताओं में पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, समाजसेवी डॉ कैलाशचंद्र मिश्रा, सेवा निवृत्त प्रोफेसर रतनलाल शर्मा, बीआरसीसी जीके दुबे ने प्रो. जोशी दम्पत्ति के नगर में दशकों तक शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में किए गये कार्यो को याद कर कई संस्मरण सुनाए. इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

विदित है कि प्रो जोशी एवं श्रीमती जोशी के द्वारा नगर में लम्बे समय तक शिक्षा एवं समाजिक क्षेत्र में समर्पित होकर कार्य किया. उनकी स्मृति में परिजनों द्वारा यह आयोजन रखा जाता है.






## रिद्धी-सिद्धी के दाता की भक्ति में लीन भक्त

### जिले भर में गणेश महोत्सव की धूम

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/राजगढ़ 05 सितंबर, का. रिद्धी-सिद्धी के दाता भगवान गणेश जी की विशेष आराधना का पर्व गणेश महोत्सव जिले भर के नगर, कस्बे, ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है. मंदिरों पर धार्मिक आयोजन हो रहे है. दर्जनों की संख्या में झांकी पाण्डाल सजाए गये है. बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने मंदिर एवं झांकी पाण्डालो में पहुंच रहे है.**

ब्यावरा में दर्जनों स्थानों पर झांकी पाण्डाल लगे हुए है. जहां महाआरती, धार्मिक आयोजन, अनुष्ठान, भजन कीर्तन के आयोजन हो रहे है. इंदौर नाका, मुल्तानपुरा, जूना ब्यावरा, जगात चौक, नपा कॉम्पलेक्स, राजगढ़ रोड, पंचशील कॉलोनी, मैन मार्केट, सुठालिया रोड, सुठालिया बायपास, गुना रोड, शहीद कॉलोनी, तुलसी नगर, अपना नगर सहित अनेक स्थानों पर झांकी पाण्डाल सजे है.

### युवक ने बनाई प्रतिमा

राजगढ़ में 40 से 50 स्थानों पर झांकी पाण्डाल स्थापित किए गये है. बड़ी संख्या में श्रद्धालु झांकी पाण्डालो में पहुंच रहे है. नगर के एक युवा ने करीब 20 फीट की विशाल आकर्षक प्रतिमा का निर्माण कर अपनी भक्ति को प्रकट किया है. जानकारी के अनुसार राजगढ़ निवासी युवक चयन शर्मा चीकू के द्वारा एक-डेढ़ माह के अथक परिश्रम से गणेश प्रतिमा का निर्माण किया गया. यह प्रतिमा राजगढ़ स्थित ड्योढ़ी शाला के यहां भगवा गणेश मंडल के पाण्डाल में स्थापित की गई है जो कि खासा आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है.

**कुरावर में महोत्सव की धूम** कुरावर में गणेश महोत्सव व्यापक स्तर पर मनाया जाता है. दर्जनों स्थानों पर झांकी पाण्डाल लगाए गये है. जहां हर दिन धार्मिक आयोजन हो रहे है. बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक दर्शन करने पहुंच रहे है.

**हालात** उखड़ी सड़कें, अनगिनत गड्ढे होकर छलनी हुई सड़कें, पेंचवर्क के नाम पर औपचारिकता भर

# नगर के मुख्य मार्ग पर जानलेवा गड्ढों से अनहोनी का डर

**आवागमन में कठिनाईयों का सामना कर रहे राहगीर**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 सिंतबर, का.** पहले से ही बदहाली का दंश झेल रही सड़को पर मरहम के नाम पर किया गया पेंचवर्क मात्र औपचारिकता भर साबित हुआ. कुछ दिन में ही पेंचवर्क की गिट्टी ऊपर आ गई. अब तेज बारिश ने पेंचवर्क को बुरी तरह तहस-नहस कर दिया है. सड़को पर गिट्टी बिखरी होने से आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रह है. इंदौर नाका, अस्पताल रोड, राजगढ़ रोड आदि कई जगह जानलेवा गड्ढे हो रहे है जो कभी कोई अनहोनी का कारण बन सकते है.

विदित है कि इंदौर नाका पुल, राजगढ़ रोड, सिविल अस्पताल रोड, रेलवे स्टेशन रोड सहित अन्य स्थानों पर सड़के छलनी हो गई है. विगत दिवस बारिश का दौर थमने पर विभाग द्वारा पेंचवर्क के नाम पर सड़को पर हो रहे गड्ढो में गिट्टी, मटेरियल बिछाकर इतिश्री कर ली गई. जबकि मजबूती के साथ व्यवस्थित मरम्मत कर पेंचवर्क किया जाता तो संभवतः इससे आवागमन में अच्छी राहत मिल सकती थी.

**2 हजार के पार पहुंचा आंकड़ा** सितंबर माह के शुरुआत से ही झमाझम बारिश शुरु होने से ब्यावरा में बारिश का आंकड़ा 2000 एमएम से ऊपर जा पहुंचा है. जिले की कुल औसत वर्षा का आंकड़ा भी तय आंकड़े से ऊपर जा पहुंचा है. सितंबर माह के शुरुआत में कई सालों बाद इतना अधिक बारिश का आंकड़ा पहुंचा है.

विदित है कि सितंबर माह के शुरु होते ही एक बार फिर जिले में बारिश का क्रम शुरु होने से चहुंओर पानी ही पानी हो गया है. नदी, नाले उफान पर आ गये. गुरुवार को ब्यावरा में बारिश का आंकड़ा 2000 एमएम के ऊपर जा निकला जो कि जिले की तहसीलों में सर्वाधिक बारिश है. भू अभिलेख शाखा राजगढ़ के अनुसार ब्यावरा तहसील में सालों बाद सितंबर माह के शुरुआत में बारिश का आंकड़ा इतना अधिक पहुंचना बताया जा रहा है.

### तहसीलों में बारिश की स्थिति

जिले की तहसीलों में 5 सितंबर की सुबह 8 बजे तक बारिश की स्थिति इस प्रकार है. जीरापुर 1265 एमएम, खिलचीपुर 1321.2 राजगढ़ 1243, ब्यावरा में 2031.9 एमएम, नरसिंहगढ़ 1351.3, सारंगपुर में 872.4 तथा पचोर में 978.2 एमएम बारिश हुई है. जबकि आज दिनांक तक जिले की कुल औसत वर्षा 1302.1 एमएम हो चुकी है. गत वर्ष जिले की औसत वर्षा 981 एमएम ही हो सकी थी.

### दुर्घटनाग्रस्त हो रहे वाहन

इंदौर नाका के पुराने पुल के यहां वैसे तो पूरी तरह सड़क उखड़ चुकी है किंतु एक जगह ऐसा गहरा और जानलेवा गड्ढा हो रहा है जिसमें कई दुपहिया वाहन के पहिए चले जाने से वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है. लोग चोटिल तक हो चुके है. बावजूद इसके इस खतरनाक जगह की अनदेखी की जा रही है. रात के अंधेरे में खतरा और अधिक रहता है. समय रहते इसकी मरम्मत की जाना चाहिए वरना कभी कोई अनहोनी घट सकती है.